**THE WEST BENGAL COUNCIL OF RABINDRA OPEN SCHOOLING**
**MADHYAMIK PARIKSHA (SECONDARY EXAMINATION) JUNE, 2023**

# हिन्दी

**(Hindi)**

**(Old Syllabus)**

**Time: 3 Hours 15 Minutes** **Full Marks: 90**

Who registered their names before June, 2023

## General Instructions for the Examinees

Candidates should write their Name, Roll No. and Registration No. in their respective answer scripts.

The first 15 Minutes are allotted for reading the question paper.

Answers should be in brief and to the point.

Write correct question no. against each answer.

Special credit will be given for answers which are brief and to the point.

Marks will be deducted for spelling mistakes, untidiness and bad handwriting.

In the right side the marks of questions are given.

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए ( *कोई बारह*) : 1×12=12

(i) रामचरितमानस के रचनाकार कौन हैं?

(क) कबीरदास (ख) केशवदास

(ग) तुलसीदास (घ) नरहरिदास

(ii) कबीरदास के गुरु थे

(क) रामानन्द (ख) परमानन्द

(ग) नाभादास (घ) नरोत्तमदास

(iii) पक्षी के रूप में कवि रसखान कहाँ रहना चाहते हैं?

(क) आम की डारन (ख) कदम्ब की डारन

(ग) नीम की डारन (घ) बबूल की डारन

(iv) भिक्षुक भिक्षा न पाने पर किसका घूंट पीकर रह जाते हैं?

(क) पानी का (ख) शरबत का

(ग) जहर का (घ) आँसू का

(v) 'प्रार्थना' कविता में कवि किससे प्रार्थना करता है?

(क) ईश्वर से (ख) मानव से

(ग) शासक से (घ) प्रजा से

(vi) पर्वत सम्राट किसे कहा गया है?

(क) विन्ध्याचल पर्वत (ख) नीलगिरि पर्वत

(ग) अरावली पर्वत (घ) हिमालय पर्वत

(vii) कवि ने समुद्र से क्या निकालने को कहा है?

(क) रतन (ख) धन

(ग) पत्थर (घ) मछली

(viii) गुरुदेव को उनके किस रचना पर नोबल पुरस्कार मिला?

(क) प्रेमांजली (ख) पुष्पांजली

(ग) गीतांजली (घ) रूपांजली

(ix) हामिद की दादी गद्गद् हो गई।

(क) मिठाई पाकर (ख) चिमटा पाकर

(ग) खिलौने पाकर (घ) रूपये पाकर

(x) मनुष्य किसे असुन्दर और अपवित्र मानता है?

(क) जीवन (ख) मृत्यु

(ग) दोनों को (घ) कुकर्म को

(xi) '*तारोंभरा* आकाश' पाठ के रचनाकार हैं

(क) गुणाकर मुले (ख) राकेश शर्मा

(ग) रवीन्द्रनाथ ठाकुर (घ) इनमें से कोई नहीं

(xii) जिम्मेदारी के जीवन में कूदने को लेखक ने कहा है

(क) लक्ष्मण कूद (ख) हनुमान कूद

(ग) पहाड़ कूद (घ) उद्दल कूद

(xiii) ईद का त्यौहार है

(क) हिन्दुओं का (ख) सिक्खों का

(ग) मुसलमानों का (घ) ईसाइयों का

(xiv) 'गुरुदेव रवीन्द्रनाथ' टैगोर पाठ के लेखक हैं

(क) प्रेमचंद (ख) गुणाकर मुले

(ग) हरिभाऊ उपाध्याय (घ) आर्चाय विनोबा भावे

(xv) 'माँ जी रामप्रताप और रोशन में कुछ फर्क है'- वक्ता कौन है?

(क) सुरेन्द्र (ख) डॉक्टर

(ग) रोशन (घ) पिता

(xvi) 'लक्ष्मी का स्वागत' किस विधा की रचना है?

(क) एकांकी (ख) कहानी

(ग) नाटक (घ) कविता

(xvii) 'उपेन्द्रनाथ अश्क' किस पाठ के रचनाकार हैं?

(क) जीवन और शिक्षण (ख) रुपहला धुआँ

(ग) लक्ष्मी का स्वागत (घ) बिगडैल बच्चे

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अनधिक 20 शब्दों में दीजिए ( *कोई छः*): 2×6=12

(i) रसखान ब्रज में किन किन रूपों में रहना चाहते हैं?

(ii) मीरा ने किस धन को पाया है?

(iii) बबूल किस प्रकार का पौधा है?

(iv) भिक्षुक की दशा कैसी है?

(v) चिमटे का उपयोग कहाँ किया जाता है?

(vi) गोधूली कौन थी?

(vii) आज सुख किसे और क्यों माना जा रहा है?

(viii) संतों ने निन्दकों को क्या सलाह दी है?

(ix) रोशन कौन है?

(x) किसका बच्चा बीमार है? उसे क्या हुआ है?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अनधिक 50 शब्दों में दीजिए ( *कोई नौ*): 4×9=36

(i) 'मन पछितैहैं अवसर बीते।
दुर्लभ देह पाइ हरिपद भजु करम
वचन अरू ही ते।
सहसबाहु दसबदन आदि नृप बचे न काल बली ते।'

(क) पाठ और कवि का नाम लिखिए।

(ख) 'दुर्लभ देह' किसे कहा गया है?

(ग) 'सहसबाहु' और 'दसबदन' किसे कहा गया है? 2+1+1=4

(ii) ''जो रहीम उत्तम प्रकृति, का करि सकत-कुसंग।
चंदन विष व्यापत नहीं, लिपटे रहत भुजंग।।''

(क) यह किसकी रचना है?

(ख) 'कुसंग' का क्या अर्थ है?

(ग) पंक्तियों की व्याख्या कीजिए। 1+1+2=4

(iii) 'मीरा के पद' शीर्षक कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

(iv) ''चाट रहे जूठी पत्तल वे कभी
सड़क पर खडे हुए,
और झपट लेने को उनसे कुत्ते
भी हैं अड़े हुए।''

(क) प्रस्तुत पंक्तियाँ किस पाठ से ली गई हैं?

(ख) कौन जूठी पत्तल चाट रहा है?

(ग) पंक्तियों की व्याख्या कीजिए। 1+1+2=4

(v) ''बहुत दिनो से मैं
किसी ऐसे आदमी से मिलना चाहता हूँ
जिसे देखते ही लगे
करोड़ों जन्मों के पाप मिट गए
कट गए सारे बंधन
कि मोक्ष मिल गया इसी काया में।''

(क) प्रस्तुत अंश किस पाठ से अवतरित है?

(ख) प्रस्तुत अंश के रचयिता कौन हैं?

(ग) प्रस्तुत अंश में 'मोक्ष' से क्या तात्पर्य है?

(घ) प्रस्तुत अवतरण का भाव स्पष्ट कीजिए। 1+1+1+1=4

(vi) 'प्रार्थना' शीर्षक कविता का मूलभाव अपने शब्दों में लिखिए।

(vii) ''शांतिनिकेतन, श्रीनिकेतन, विश्व-भारती — ये सब एक ही कृति के नाम हैं। वे गुरुदेव के प्राण थी।''

(क) प्रस्तुत अवतरण किस पाठ से अवतरित है?

(ख) शांतिनिकेतन, श्रीनिकेतन, विश्व-भारती क्या है?

(ग) पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए। 1+1+2=4

(viii) 'धीरे-धीरे सब कुछ बदल रहा है। एक नयी जीवन-शैली अपना वर्चस्व स्थापित कर रही है।'

(क) प्रस्तुत अवतरण किस पाठ से लिया गया है?

(ख) धीरे-धीरे क्या बदल रहा है?

(ग) प्रस्तुत अवतरण का भाव स्पष्ट कीजिए। 1+1+2=4

(ix) 'उस बेचारे हरिण-शावक की कथा तो मिट्टी की ऐसी व्यथा कथा है जिसे मनुष्य की निष्ठुरता गढ़ती है।'

(क) प्रस्तुत अवतरण किस पाठ से लिया गया है?

(ख) हरिण-शावक का नाम लिखिए।

(ग) मनुष्य निष्ठुर क्यों है?

(घ) पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए। 1+1+1+1=4

(x) 'आपको भाषी ने बताया होगा, डॉक्टर साहब, मेरा तो जैसे हौसला टूट रहा है।'

(क) प्रस्तुत कथन किस पाठ से लिया गया है?

(ख) 'भाषी' कौन है?

(ग) पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए। 1+1+2=4

(xi) पठित पाठ के आधार पर गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

(xii) 'लक्ष्मी का स्वागत' शीर्षक एंकाकी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *चार* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×4=20

(i) निम्नलिखित शब्दों के संधि-विच्छेद कीजिए :

सन्मार्ग, हिमालय, महोत्सव, निश्चल, विषम।

(ii) समास विग्रह कीजिए एवं उनके नाम लिखिए :

गंगाजल, दिन-दिन, नवरत्न, माता-पिता, नीलकंठ।

(iii) वचन बदलिए :

लता, नीति, पाठक, साधु, नारी।

(iv) प्रत्यय पृथक कीजिए :

रखवाला, देनहार, कहानी, मिलाप, घबराहट।

(v) कारक किसे कहते हैं? इसके कितने भेद होते हैं? भेदों के नाम लिखिए।

(vi) दिए गए मुहावरों का अर्थ लिख कर उनका स्वरचित वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

अंधे की लकड़ी, आग में कूदना, उल्लू बनाना, खून खौलना, तिल का ताड़ बनाना।

(vii) भाव विस्तार कीजिए :

'परिश्रम जीवन का सार है।'

*अथवा,*

'वही मनुष्य है जो मनुष्य के लिए मरें'।

(viii) अपने मित्र को पत्र लिखिए जिसमें उसे मोबाइल की महत्ता पर अपने विचारों से अवगत कराइए।

*अथवा,*

कक्षा में विलम्ब से पहुँचने के कारण विद्यालय द्वारा लगाए अतिरिक्त शुल्क को माफ करने के लिए प्रधानाचार्य को आवेदन पत्र लिखिए।

**5.** किसी *एक* विषय पर निबन्ध लिखिए (अनधिक 350 शब्दों में): 10×1=10

(i) मेरे प्रिय साहित्यकार

(ii) आज का युवा: फैशन का शिकार

(iii) समाचार पत्र की उपयोगिता

(iv) बेरोजगारी की समस्या और समाधान

---